an>

Title: Need to construct a flyover in Gaya city, Bihar.

श्री हरि मांझी (गया) ः मेरा संसदीय क्षेत्र गया (बिहार) पर्यटन की दृष्टि से विश्व का धार्मिक एवं सांस्कृतिक तथा एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक शहर है। जहाँ पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक बोध गया एवं विष्णुपद दर्शन के लिए आते-जाते रहते हैं, साथ ही साथ विशिष्ट लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है, जिसके कारण शहर में आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या लगी रहती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, मज़दूरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विदित है कि गया शहर में एक भी फ्लाई ओवर के नहीं रहने के कारण जगह-जगह पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि गया शहर में अविलम्ब फ्लाई ओवर का निर्माण करवाने की कृपा की जाये।